# सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
पालमपुर–176 061(हिमाचल प्रदेश)
विज्ञापन सं. 16/2016

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 05.06.2017**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध कैरियर का अद्वितीय अवसर**

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद जो भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्तशाषी संगठन है। यह स्वास्थ्यवर्धन जलवायुयुक्त बर्फ युक्त चोटियों से युक्त धौलाधार के प्रांगण में 250 एकड़ क्षेत्र में स्थापित है। संस्थान हिमालय की जैवसंपदा के सतत प्रबन्धन के लिए शोध एवं प्रौद्यागिकी विकसित करने के कार्यक्रम में जुटा हुआ है। संस्थान ने चाय, समशीतोष्ण पुष्पकृषि एवं सगंध पौधों पर मिशनयुक्त परियोजनाओं को सफलतापूर्वक चलाया है तथा उतक संवर्धन और जैवप्रौद्यागिकी के लिए पूर्ण रुप से समर्थ है। संस्थान में Tea Processing Unit, FRP greenhouses and equipments like GC-MS, FT-IR, Ultrascan, Automated DNA sequencers, Phosphoimager, Q-TOF, XL Laser densitometer,HPLCs, MALDI-TOF,CONFOCAL MICROSCOPY, $CO_2$ Extractor, FPLC, HP-TLC, IRGA, NMR, Scintillation counter, computer networking आदि की सुविधाएं हैं।

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकार्ड युक्त युवा प्रतिभावान भारतीय प्रार्थियों से निम्नलिखित वैज्ञानिक और तकनीकी पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है :–

सीएसआईआर के मानदण्डों के अनुरुप विभिन्न पदों के लिए कुल परिलब्धियों और आयु सीमा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

**अ) वैज्ञानिक पद:**


| पदनाम | पदों की संख्या | वेतन बैंड (असंशोधित) | ग्रेड वेतन (असंशोधित) | *कुल परिलब्धियां (असंशोधित) | **अधिकतम आयु (अंतिम तिथि तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ वैज्ञानिक | 19 (08–अनारक्षित, 03-- अनुसूचित जाति (एक बैकलॉग पद को मिलाकर) 01–शारीरिक दिव्यांग –(अस्थि दिव्यांग/ बधिर दिव्यांग) (बैकलॉग), 02–अनुसूचित जनजाति (एक बैकलॉग पद को मिलाकर) 05–अन्य पिछड़ा वर्ग) | ₹15600-39100 (पीबी–3) (असंशोधित) (सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 11 एवं 12 के अनुसार) | ₹7600/- | ₹74,150/- | 37 वर्ष |
| वैज्ञानिक | | | ₹6600/- | ₹66,550/- | 32 वर्ष |

| पोस्ट कोड | बैंड वेतन (असंशोधित) | पदनाम<br>पदों की सं.<br>ग्रेड वेतन (असंशोधित)<br><br>अधिकतम आयु सीमा | आरक्षण | शैक्षणिक योग्यता<br>एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1601<br>से<br>1619 | ₹15600-39100<br>(पीबी–3)<br>(असंशोधित)<br><br>(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 11 एवं 12 के अनुसार) | वरिष्ठ वैज्ञानिक<br>ग्रेड वेतन<br>₹7600/-<br><br>37 वर्ष<br>—————<br>वैज्ञानिक<br><br>ग्रेड वेतन<br>₹6600/-<br><br>32 वर्ष | 19 (08–अनारक्षित, 03– अनुसूचित जाति (एक बैकलाग पद को मिलाकर) 01–शारीरिक विकलांग –(अस्थि विकलांग / बधिर बिकलांग) (बैकलाग), 02–अनुसूचित जनजाति (एक बैकलाग पद को मिलाकर) 05–अन्य पिछड़ा वर्ग) | बी.टेक / एम.एस.सी. एम.बी.ए. के साथ एवं तीन वर्ष का अनुभव<br>या<br>एम.ई. / एम.टेक एवं तीन वर्ष का अनुभव<br>या<br>पी.एच.डी. (विज्ञान) एवं 2 वर्ष का अनुभव<br>——————————<br>बी.टेक / एम.एस.सी. एम.बी.ए. के साथ (प्रथम श्रेणी या 60% या इसके समकक्ष जी.पी.ए.)<br>**या**<br>एम.ई. / एम.टेक<br>**या**<br>पी.एच.डी. (विज्ञान) प्रस्तुत |

**ब) तकनीकी पद :**

| पदनाम | पदों की संख्या | वेतन बैंड | ग्रेड वेतन (असंशोधित) | *कुल परिलब्धियां (असंशोधित) | **अधिकतम आयु (अंतिम तिथि तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी(2) | 04 (02–अनारक्षित<br>01–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)(बेकलॉग)<br>01–अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) | ₹15600-39100<br>(पीबी–3)<br>(असंशोधित)<br>(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 11 के अनुसार) | ₹6600/- | ₹55,925/- | 40 वर्ष |
| तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता | | ₹9300-34800<br>(पीबी–2)<br>असंशोधित)<br>(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 6 के अनुसार) | ₹4200/- | ₹35,000/- | 28 वर्ष |





| पोस्ट कोड | बैंड वेतन (असंशोधित) | पदनाम, पदों की सं. ग्रेड वेतन (असंशोधित) आयु सीमा | आरक्षण | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1620 से 1623 | ₹15600-39100 (पीबी–3) (असंशोधित)<br><br>(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 11 के अनुसार)<br><br>₹9300-34800 (पीबी–2) (असंशोधित) (सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 6 के अनुसार) | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी(2) ग्रेड वेतन– रू.6600/–<br><br>(असंशोधित)<br><br>(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 11 के अनुसार)<br><br>तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता ग्रेड वेतन– रू.4200/–<br><br>(असंशोधित)<br><br>(सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान : वेतन मैट्रीक्स में लेवल 6 के अनुसार) | **कुल पद–04** (02–अनारक्षित 01–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)(बेकलॉग) 01–अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) | 1) प्रथम श्रेणी में बी.एससी. (विज्ञान) उर्तीण करने के बाद प्लांट साइंसेज/एग्रीक्लचर/जैवप्रौद्योगिकी/लाईफ साइंसेज के किसी भी क्षेत्र में 55% अंको के साथ एम.एससी. उर्तीण की हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से प्लांट आणविक जीव विज्ञान के क्षेत्र में एम.एससी. के बाद कम से कम पांच वर्ष का कार्य अनुभव।<br><br>2) प्रथम श्रेणी में बी.एससी. (विज्ञान) उर्तीण करने के बाद रसायन विज्ञान/बायोकैमिस्ट्री/खाद्य विज्ञान/खाद्य प्रौद्योगिकी में 55% अंको के साथ एम.एससी. उर्तीण की हो और चाय आधारित उत्पाद विकसित करने में पांच वर्ष का अनुभव।<br>या<br>बी.टेक खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान में 55% अंको के साथ उर्तीण की हो और चाय आधारित उत्पाद विकसित करने में पांच वर्ष का अनुभव।<br><br>3) प्रथम श्रेणी में बी.एससी. कृषि/बागवानी/पुष्पविज्ञान के किसी भी क्षेत्र में उर्तीण की हो और एक वर्ष पूर्णकालिक व्यावसायिक योग्यता उर्तीण की हो या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में एक वर्ष का कार्य अनुभव।<br><br>4)10+2 विज्ञान विषयों के साथ उर्तीण करने के बाद सिविल इंजिनियरिंग/प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीन वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा (2/2.5 वर्ष पूर्णकालिक डिप्लोमा उन अभ्यर्थियों के मामलों में जिनका 10+2 के बाद प्रार्श्विक प्रवेश हुआ हो, यदि लागू हो) या इसके समतुल्य। |

अनाः अनारक्षित अजाः अनुसूचित जाति अजजाः अनुसूचित जनजाति अपिवः अन्य पिछड़ा वर्ग पी. डब्लयुडीः दिव्यांग एचएचः बधिर; ओएचः अस्थि विकलांग

* कुल परिलब्धियों से आशय **Z** श्रेणी के क्षेत्रों के लिए लागू न्यूनतम वेतनमान पर मकान किराया भत्ता (एचआरए) सहित लगभग कुल परिलब्धियाँ हैं।

** विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु सीमा में छूट के विवरण हेतु विज्ञापन के 'छूट' संबंधी कॉलम को देखें।

वैज्ञानिक पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक आहर्ताएं, अनुभव, वांछनीय आहर्ताएं और कार्य अपेक्षाओं का पदवार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

**पोस्ट कोड सं. 1601: वैज्ञानिक / वरिष्ठ वैज्ञानिक–परिस्थितिकी (इकोसिस्टम सर्विसिस) के क्षेत्र में (01 पद–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित )**

**न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक आहर्ताएं एवं अनुभवः वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. (प्रस्तुत) पादप विज्ञान / पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) इकोसिस्टम सर्विसिस के क्षेत्र में हो।

**वरि. वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. पादप विज्ञान / पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) इकोसिस्टम सर्विजिस के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुभव जो कि संदर्भित पत्रिका में प्रकाशन के रुप में हो।

**वांछनीयः** पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं (इकोसिस्टम सर्विजिस) के मूल्यांकन में अनुभव।

**पोस्ट कोड सं. 1602: वैज्ञानिक / वरिष्ठ वैज्ञानिक –पादप कोशिका / उत्तक सवर्धन के क्षेत्र में (01 पद–अनारक्षित)**

**न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक आहर्ताएं एवं अनुभवः वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. (प्रस्तुत) पादप विज्ञान / जैवप्रौद्योगिकी की किसी शाखा में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) प्लांट सेल / टिश्यू कल्चर के क्षेत्र में हो।

**वरि. वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. पादप विज्ञान / जैवप्रौद्योगिकी की किसी शाखा में पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) प्लांट सेल / टिश्यू कल्चर के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुभव जो कि संदर्भित पत्रिका में प्रकाशन के रुप में हो।

**वांछनीयः** व्यापक स्तर पर टिश्यू कल्चर द्वारा तैयार किए गए औषधीय एवं संगंध पौधों / फूलों की खेती / बांस आदि का उत्पादन एवं उनके पौधारोपण में अथवा सेल क्लचर मेडिएटिड बायोमॉस / मेटाबालाइट परोडक्स्न इन बायोरेक्टर में अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1603 :वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक – प्लांट मॉलीक्यूल्र बॉयोलाजी के क्षेत्र में (01 पद-- अनारक्षित )**
**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. (प्ररतुत) जैवप्रौद्योगिकी / जीव विज्ञान के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) ट्रांसजेनिक पौधों के उत्पाद और विश्लेषण के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. जैवप्रौद्योगिकी / जीव विज्ञान के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) ट्रांसजेनिक पौधों के उत्पादन और विश्लेषण के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीयः** CRISPR सहित नवीनतम तकनीकों के उपयोग से ट्रांसजेनिक पौधों को विकसित करने और स्क्रीनिंग में अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1604 वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –एंजाइमोलॉजी के क्षेत्र में (01 पद– अनारक्षित )**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. (प्रस्तुत) माइक्रोबायोलॉजी / प्लांट साईसेज / बायोकैमिस्ट्री / लाइफ साइंसेज / बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) एंजाइमोलॉजी के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के लिए** : पीएच.डी. माइक्रोबायोलॉजी / प्लांट साईसेज / बायोकैमिस्ट्री / लाइफ साइंसेज / बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) एंजाइगोलॉजी के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय:** एंजाइम उत्पादन पर प्रौद्योगिकी को विकसित करने का अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1605 वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में (01 पद–अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. (प्रस्तुत) कृषि विज्ञान / पुष्पविज्ञान / बागवानी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. कृषि विज्ञान / पुषविज्ञान / बागवानी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय:** व्यावसायिक पुष्पोत्पादन के क्षेत्र में अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1606 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–किण्वन प्रौद्योगिकी (फरमेंटेशन टेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में (01 पद–अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. (प्रस्तुत) माइक्रोबायोलॉजी / बायोकैमिस्ट्री / बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) किण्वन प्रौद्योगिकी(फरमेंटेशन टेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. माइकोबायोलॉजी / बायोकैमिस्ट्री / बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) किण्वन प्रौद्योगिकी (फरमेंटेशन टेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय:** किण्वन आधारित प्रौद्योगिकी का अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1607 :वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–पौध प्रजनन के क्षेत्र में (01 पद–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. (प्रस्तुत) पौध प्रजनन के क्षेत्र में ।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतुः** पीएच.डी. पौध प्रजनन के क्षेत्र में एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीयः** औषधीय एवं सगंध पौधों / पुष्पीय फसलों / रोपण फसलों के प्रजनन का अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1608ः वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–ज्ञान प्रबन्धन के क्षेत्र में (01 पद–दिव्यांग : (एचएचः बधिर, ओएचः अस्थि दिव्यांग) के लिए आरक्षित ) (बैकलॉग)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतुः** पीएच.डी. (प्रस्तुत) लाइफ साइंसेज / जीव विज्ञान / कृषि विज्ञान के क्षेत्र में ।
**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. लाइफ साइंसेज / जीव विज्ञान / कृषि विज्ञान के क्षेत्र में एवं पीएच.डी. के पश्चात वैज्ञानिक जानकारी के संकलन और प्रचार--प्रसार में दो वर्ष का अनुभव ।

**वांछनीयः** विज्ञान संचार के क्षेत्र में कार्य अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1609 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक : मालिक्यूलर फिगंर प्रिटिंग के क्षेत्र में (01 पद–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. (प्रस्तुत) लाइफ सांइसेज / जीव विज्ञान / कृषि विज्ञान के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) मालिक्यूलर फिगंर प्रिटिंग के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. लाइफ सांइसेज / जीव विज्ञान / कृषि विज्ञान के क्षेत्र में पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) मालिक्यूलर फिगंर प्रिटिंग के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीयः** लार्ज स्केल जिनोम वाइड मार्कर एनालिसिस / एक्सपलोरिंग नेचुरल डाइवर्सिटी टू डिसेक्ट काम्पलेक्स ट्रेटस में अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1610 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–व्यवसाय विकास और विपणन के क्षेत्र में (01 पद–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु :** बी.टेक (बायोटेक / इंजीनियरिंग) / एम.एससी.(प्लांट सांइसिज / बायोटक / कृषि विज्ञान) एम.बी. ए. के साथ (प्रथम श्रेणी या 60 % या जी. पी.ए. के समकक्ष) या बौद्धिक संपदा कानून में स्नातकोत्तर डिग्री, प्रथम श्रेणी या 60 % या जी. पी.ए. के समकक्ष।

अथवा

पीएच.डी. (प्रस्तुत) कृषि प्रबंधन / कृषि अर्थशास्त्र / आई.पी.आर. कानून।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु :** बी.टेक (बायोटेक / इंजीनियरिंग) / एम.एससी.(प्लांट सांइसिज / बायोटेक / कृषि विज्ञान) एम.बी. ए. के साथ या बौद्विक संपदा कानून में स्नातकोत्तर डिग्री, एवं व्यापार और विपणन के क्षेत्र में तीन साल का कार्य अनुभव।

अथवा

पीएच.डी. कृषि प्रबंधन / कृषि अर्थशास्त्र / आई.पी.आर. कानून एवं दो वर्ष का कार्य अनुभव।

**वांछनीय :** प्रभाव विश्लेषण (इम्पेक्ट एनालिसिस), प्रौद्योगिकी विपणन और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में कार्य अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1611 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–विस्तार एवं परामर्श के क्षेत्र में (01 पद–अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. (प्रस्तुत) कृषि विज्ञान / वानिकी / कृषि विस्तार में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) विस्तार और परामर्श के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. कृषि विज्ञान / वानिकी / कृषि विस्तार में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) विस्तार और परामर्श के क्षेत्र में हो और पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय :** विस्तार गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का कार्य अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1612 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक–सगंध और हर्बल से मूल्यवर्धित उत्पाद / विकसित करने के क्षेत्र में (01 पद–अनारक्षित)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. (प्रस्तुत) रसायन विज्ञान / फार्मास्युटिकल सांइसिस के क्षेत्र में पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) औषधीय / सगंध पौधों का उपयोग करते हुए उत्पाद तैयार करने के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु :** पीएच.डी. रसायन विज्ञान / फार्मास्युटिकल सांइसेज के क्षेत्र में पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) औषधीय / सगंध पौधों का उपयोग करके उत्पाद तैयार करने और विकास के क्षेत्र में हो और पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय :** औषधि / सगंध पौधों का उपयोग करते हुए उत्पाद तैयार और विकसित करने के क्षेत्र में कार्य अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1613 :वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –प्लांट मॉलीक्यूलर बायोलॉजी के क्षेत्र में (01 पद–अनारक्षित )**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु:** पीएच.डी. (प्रस्तुत) जीव विज्ञान / जैवप्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) पौधों के कार्यत्मक जीनोमिक्स के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. जीव विज्ञान / जैवप्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) पौधों के कार्यात्मक जीनोमिक्स के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय :** ट्रांसक्रिप्टॉम / कार्यात्मक जीनोमिक्स विश्लेषण में कार्य अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1614 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –प्लांट मॉलीक्यूलर बायोलॉजी के क्षेत्र में (01 पद– अनारक्षित )**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. (प्रस्तुत) जैवप्रौद्योगिकी / लाइफ सांइस के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) सेकेंडरी मेटाबोलिजम / सिथेंटिक बायोलॉजी के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. जैवप्रौद्योगिकी / जीव विज्ञान के क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) सेकेंडरी मेटाबोलिजम / सिथेंटिक बायोलॉजी के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय** : सेकेंडरी मेटाबोलाइटस की मेटाबोलिक इंजिनियरिंग ।

**पोस्ट कोड नं. 1615 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –रासायनिक अभियांत्रिकी (केमिकल इंजिनियरिंग) के क्षेत्र में (01 पद– अनारक्षित )**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु** :बी. ई. / बी.टेक के साथ ए.सी.एस.आई.आर. से रासायनिक अभियांत्रिकी में उत्कृष्ठ एडवांसड डिप्लोमा **या** रासायनिक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में एम.ई. / एम. टेक.।

या

पीएच.डी. (प्रस्तुत) रासायनिक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : एम.ई. / एम.टेक. रासायनिक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में एवं अभ्यर्थी के पास एम. ई. / एम.टेक. के बाद तीन वर्ष का कार्य अनुभव हो।

या

पीएच.डी. रासायनिक अभियांत्रिकी के क्षेत्र में एवं अभ्यर्थी के पास पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय** : प्रौद्योगिकी के प्रवर्धन, उपकरण डिजाइन, रासायनिक प्रक्रिया डिजाइनिंग, प्रोसेस ओप्टीमाईजेशन एंड सिमुलेशन में अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1616 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –टेक्सोनॉमी के क्षेत्र में (01 पद– अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) (बेकलॉग)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. (प्रस्तुत) वनस्पति विज्ञान में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) प्लांट टेक्सोनॉमी (एंजियोस्पर्म टेक्सोनॉमी) के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. वनस्पति विज्ञान में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) प्लांट टेक्सोनॉमी (एंजियोस्पर्म टेक्सोनॉमी) के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय** : पौधो के अन्वेषण, संग्रहण, पहचान, हरबेरियम तकनीक, और पौधों के नामकरण और भारत की वनस्पतियों के ज्ञान का अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1617 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –कृषि प्रौद्योगिकी (एग्रोटेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में (01 पद– अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित) (बेकलॉग)**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. (प्रस्तुत) कृषि विज्ञान / बागवानी / वानिकी / वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. कृषि विज्ञान / बागवानी / वानिकी / वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय** : रोपण फसलों / औषधीय फसलों / सगंध फसलों / पुष्पीय फसलों जैसी व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण फसलों के कृषि प्रौद्योगिकी के विकास और विस्तार का अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1618 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –पादप अनुकूलन / पादप कार्यिकी (प्लांट एडाप्टेशन / प्लांट फिजियोलॉजी) के क्षेत्र में (01 पद– अनारक्षित )**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. (प्रस्तुत) कृषि विज्ञान / प्लांट साइंस / वनस्पति विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) पादप कार्यिकी (प्लांट फिजियोलॉजी) के क्षेत्र में हो।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. प्लांट साइंस / वनस्पति विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) पादप कार्यिकी (प्लांट फिजियोलॉजी) के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय** : पादप अनुकूलन / हार्मोन फिजियोलॉजी के क्षेत्र में अनुभव।

**पोस्ट कोड नं. 1619 : वैज्ञानिक / वरि. वैज्ञानिक –खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में (01 पद– अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित )**

**न्यूनतम योग्यता और अनुभव वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. (प्रस्तुत) खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी / खाद्य प्रौद्योगिकी / खाद्य और पोषण के किसी भी क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) कार्यात्मक खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में हो ।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद हेतु** : पीएच.डी. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य और पोषण के किसी भी क्षेत्र में, पर शोध प्रबन्ध (थिसिस) कार्यात्मक खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में हो एवं पीएच.डी. के पश्चात दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।

**वांछनीय** : फलों/सब्जी/अनाज/फलियों पर आधारित इन्सटेंट/रेडी टू ईट/फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों के निर्माण और प्रसंस्करण का अनुभव।

**तकनीकी पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं , अनुभव, वांछनीय और कार्य अपेक्षाओं का पदवार विवरण निम्नानुसार है :**

**पोस्ट कोड सं.1620: वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ( 2)– जैवप्रौद्योगिकी क्षेत्र में (01 पद– अनारक्षित)**

**न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक आहर्ताएं एवं अनुभव** : प्रथम श्रेणी में बी.एससी. (विज्ञान) उर्तीण करने के बाद प्लांट साइंसिस/एग्रीक्लचर/ जैवप्रौद्योगिकी/लाईफ साइंसेज के किसी भी क्षेत्र में 55% अंको के साथएम. एससी. उर्तीण की हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से प्लांट मालिक्यूलर बायोलॉजी के क्षेत्र में एम.एससी. के बाद कम से कम पांच वर्ष का कार्य अनुभव।

**वांछनीय** : डेवलपिंग जीन्स कन्सट्रक्ट फार रेजिंग ट्रांसजेनिक प्लांटस एंड रेजिंग एंड एनालिसिस आफ ट्रांसजेनिक प्लांटस।

**पोस्ट कोड सं.1621: वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ( 2)– चाय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में (01 पद–अनारक्षित)**

**न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक आहर्ताएं एवं अनुभव** : प्रथम श्रेणी में बी.एससी. (विज्ञान) उर्तीण करने के बाद रसायन विज्ञान/बायोकैमिस्ट्री/खाद्य विज्ञान/खाद्य प्रौद्योगिकी में 55% अंको के साथ एम.एससी. उर्तीण की हो और चाय आधारित उत्पाद विकसित करने में पांच वर्ष का अनुभव।

या

बी.टेक खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान में 55% अंको के साथ उर्तीण की हो और चाय आधारित उत्पाद विकसित करने में पांच वर्ष का अनुभव।

**कार्य अपेक्षाएं** : चाय आधारित मूल्यवर्धित उत्पाद/न्यूट्रास्यूटिकल विकसित करना।

**पोस्ट कोड सं.1622: तकनीकी सहायक– पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में (01 पद–अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित) (बेकलॉग)**

**न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक आहर्ताएं एवं अनुभव** : प्रथम श्रेणी में बी.एससी. कृषि/बागवानी/पुष्पविज्ञान के किसी भी क्षेत्र में उर्तीण की हो और एक वर्ष पूर्णकालिक व्यावसायिक योग्यता उर्तीण की हो या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में एक वर्ष का कार्य अनुभव

**कार्य अपेक्षाएं** : पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिकों को सहयोग करना।

**पोस्ट कोड सं.1623 : कनिष्ठ अभियंता–सिविल इंजिनियरिंग के क्षेत्र में (01 पद–अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)**

**न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक आहर्ताएं एवं अनुभव** : 10+2 विज्ञान विषयों के साथ उर्तीण करने के बाद सिविल इंजिनियरिंग/तकनीकी के क्षेत्र में तीन वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा (2/2.5 वर्ष पूर्णकालिक डिप्लोमा उन अभ्यर्थियों के मामलों में जिनका 10+2 के बाद प्रार्श्विक प्रवेश हुआ हो, यदि लागू हो) या इसके समतुल्य।

**वांछनीय** : प्रतिष्ठित फर्मो/ सरकारी विभागों में निर्माण कार्यो के पर्यवेक्षण एवं रख–रखाव का अनुभव।

**कार्य अपेक्षाएं** : संस्थान के निर्माण कार्यो के लिए आकलन तैयार करना, निर्माण कार्यो की देख–रेख एवं लैब और स्टाफ क्वार्टर आदि का रख–रखाव।

**सामान्य सूचना एवं शर्तेः**

**1. परिषद सेवा के तहत लाभ :**

क) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को देय तथा सीएसआईआर के लिए लागू किए गए सामान्य भत्तें जैसे कि महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) इत्यादि इन पदों के लिए देय हैं। परिषद कर्मचारी उपलब्धता के आधार पर सीएसआईआर आवास आबंटन नियमावली के अनुसार अपनी पात्रता के प्रकार के आवास के भी पात्र हैं परंतु इस स्थिति में उन्हें एचआरए देय नहीं होगा।

ख) वेतन बैंड–3 **(असंशोधित)** में वैज्ञानिक 02 अतिरिक्त वेतन वृद्धि (डीए के बिना) और ₹10,000/– प्रतिवर्ष प्रोफेशन अपडेट भत्ते के लिए पात्र हैं।

ग) पदों की प्रत्येक श्रेणी के लिए बताई गए परिलब्धियों के अतिरिक्त सीएसआईआर नियमानुसार नई पेंशन योजना, 2004 की प्रयोज्यताएं चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम और गृह निर्माण अग्रिम जैसे लाभ भी उपलब्ध हैं।

घ) सीएसआईआर में वैज्ञानिकों को परामर्श सेवाएं तथा प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास परियोजना गतिविधि करने की भी अनुमति है। इन गतिविधियों का संचालन उनके लिए सीएसआईआर के दिशानिर्देशों के अनुसार परामर्श शुल्क और मानदेय के लिए उन्हें संभावना प्रदान करती हैं। प्रशिक्षण/ पेपर प्रस्तुतिकरण/ विशिष्ट कार्यो ईत्यादि के लिए विदेशी प्रतिनियुक्ति के भी अवसर हैं।

ड.) सीएसआईआर योग्य अभ्यर्थियों क्रमशः वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन प्रोन्नति योजना एवं सशोंधित मानस के तहत कैरियर में उन्नति के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

च) योग्य उम्मीदवारों के लिए सीएसआईआर नियमावली के अनुसार अग्रिम वेतन वृद्धि(यों) का विचार किया जा सकता है।

**2.** अन्य शर्तें:

क) आवेदक भारत का नागरिक हो।

ख) सभी आवेदकों को विज्ञापन में दर्शाए गए पदों की आवश्यक अहर्ताओं और अन्य शर्तों को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक पूर्ण करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व वे स्वयं संतुष्ट हो लें कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को वे निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यताएं रखते हैं। पात्रता के संबंध में किसी पूछताछ का जवाब नहीं दिया जाएगा।

निर्धारित आवश्यक योग्यता न्यूनतम योग्यता है तथा केवल निर्धारित आवश्यक योग्यता के होने पर ही उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के पात्र नहीं हो जाते। उम्मीदवारों की छंटनी के लिए विधिवत रूप से गठित छान–बीन समिति अपने स्वयं के मानदंड अपनाएगी। इसलिए उम्मीदवार को न्यूनतम निर्धारित योग्यता से ऊपर की अपनी सभी योग्यता और प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव, दस्तावेजों से समर्थित, का आवेदन में उल्लेख करना चाहिए। पी.एच.डी. डिग्री अनंतिम प्रमाण पत्र/अधिसूचना जारी होने की तिथि से मानी जाएगी।

जो अभ्यर्थी वैज्ञानिक के पद हेतु पी.एच.डी. प्रस्तुत के साथ आवदेन कर रहे है उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन के साथ पी.एच.डी. प्रस्तुत करने का किसी विश्वविद्यालय/संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनका आवदेन रद्द कर दिया जाएगा।

ग) आवेदन प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव, यदि कोई हो, की स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ किया जाना चाहिए। निर्धारित योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों इत्यादि से प्राप्त की गई होनी चाहिए। अपूर्ण आवेदन / आवश्यक प्रमाण पत्रों या दस्तावेजों के बिना प्राप्त **आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।**

घ) आवश्यक योग्यता में तुल्यता खंड के संबंध में उल्लेखनीय है कि यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष योग्यता के विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार समकक्ष योग्यता होने का दावा करता है तो उम्मीदवार को इस संबंध में जारीकर्ता अधिकारी को दर्शाते हुए (संख्या और दिनांक सहित) आदेश/पत्र जिसके तहत इस योग्यता को समकक्ष माना गया है, प्रस्तुत करना होगा अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ड.) साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की छंटनी हेतु मान्य अनुभव की गणना करते समय किसी उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक आधार पर,दैनिक मजदूरी, अतिथि संकाय इत्यादि के अनुभव की अवधि नहीं गिनी जाएगी।

च) हिंदी या अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य भाषा में प्रस्तुत किसी दस्तावेज़/प्रमाण पत्र का प्रतिलेख, राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत साक्ष्यांकित, प्रस्तुत करना होगा।

छ) अधिकतम आयु सीमा, योग्यता और/या अनुभव के निर्धारण की तिथि आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।

ज) किसी विषय/कार्यक्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहाँ भी निर्धारित हो की गणना उस ग्रेड के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद की जाएगी।

झ) **पद संख्याः 1622, तकनीकी सहायक, पुष्प विज्ञान के क्षेत्र एवं पद संख्या 1623, कनिष्ठ अभियंता, सिविल इंजिनियरिंग के क्षेत्र में, के पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन ट्रेड टेस्ट/कौशल परीक्षण की गुण सूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर होगा।**

ञ)भारत सरकार के निर्देशों में निहित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ट )यदि कोई उम्मीदवार विदेश में रह रहा हो तो उसके लिखित अनुरोध पर उसकी व्यक्तिगत अनुपस्थिति में चयन समिति द्वारा उसकी उम्मीदवारी स्काइप/ विडियो कानफेंसिग के माध्यम से किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

ठ) चयन समिति, अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर, समान वेतन बैंड(असंशोधित) के किसी भी ग्रेड वेतन में अभ्यर्थी का स्थानन कर सकती है, बशर्ते कि अभ्यर्थी द्वारा पात्रता के न्यूनतम विनिर्दिष्ट मानदंड पूरे किए गए हों। वैज्ञानिक पदों हेतु विशेषतः पोस्ट कोड सं. 1601 से 1619 के लिए।

ड) केवल पात्र बाहरी उम्मीदवारों, जो साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएगें, को ही रेल टिकट / रेल टिकट संख्या या यात्रा का कोई अन्य सबूत प्रस्तुत करने पर यात्रा करने के वास्तविक स्थान अथवा निवास के सामान्य स्थान से, जो भी साक्षात्कार स्थान के रेलवे स्टेशन के पास हो, यात्रा व वापसी यात्रा का द्वितीय श्रेणी रेल किराया का भुगतान किया जाएगा ।

ढ) मूल दस्तावेजों और आवेदन में दी गई किसी जानकारी में कोई विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवार साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अयोग्य होगा। ऐसे उम्मीदवार को किराये का भुगतान भी नहीं किया जाएगा।

ण) आवेदक की पात्रता इसकी स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन प्रक्रिया, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में निदेशक, सीएसआईआर--आईएचबीटी का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

किसी भी रूप में पक्ष–प्रचार (सिफारिश) और/या कोई बाहरी प्रभाव, राजनीतिक या अन्यथा, डालना पद के लिए अयोग्यता होगी।

**किसी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार का जवाब किसी भी स्थिति में नहीं दिया जाएगा।**

**3. छूटः**

क) निर्धारित प्रारूप में निर्धारित प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर भारत सरकार के नियमानुसार ऊपरी आयु सीमा में अ.जा./अ.ज.जा. को 05 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग को 03 वर्ष की छूट दी जायेगी, जहाँ पद संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं।

ख) सीएसआईआर प्रयोगशालाओं / संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

ग) भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार विधवाओं, तलाकशुदा और पति से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाओं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया हैं, के लिए ऊपरी आयु सीमा 35वर्ष है (अजा / अजजा के लिए 40 वर्ष तथा अपिव के सदस्यों के लिए 38 वर्ष, उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में)। इस उप–पैरा के तहत आयु सीमा में छूट का दावा करने वाली महिलाओं को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

1. विधवा के मामले में, पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ यह शपथ पत्र कि उनके द्वारा पुनर्विवाह नहीं किया गया है।
2. तलाकशुदा महिला और पति से न्यायिक रूप से अलग हुई महिला के मामले में, तलाक या न्यायिक रूप से अलगाव को साबित करने वाले न्यायालय के निर्णय / डिक्री की प्रमाणित प्रति, जैसा भी मामला हो, इस शपथ पत्र के साथ कि उन्होंने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है।

घ) **दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आयु सीमा में छूट** :समूह 'क'के पदों / सेवाओं में नियुक्ति हेतु दृष्टिहीन, बधिर और अस्थि दिव्यांग उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट देय होगी (कुल 15 वर्ष अ.जा. / अ.ज.जा. तथा 13 वर्ष अ.पि.व. के लिए उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में)। इस उप–पैरा के तहत आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावों के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो कि उनकी शारीरिक अक्षमता 40% या उससे अधिक है। किसी भी मामले में इन उम्मीदवारों की नियुक्ति, चयन द्वारा सीधी भर्ती से भरे जाने वाले समूह 'क' के प्रत्येक विशिष्ट पदों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शारीरिक स्वस्थता के मानदण्डों के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ पाये जाने के अधीन होगी।

ड.) विशेष योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों को अथवा इन पदों को भरने के लिए आवश्यक योग्यता और / या अनुभव प्राप्त पर्याप्त उम्मीदवारों के न मिलने पर आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता और / या अनुभव में छूट देने पर विचार किया जा सकता है।

च) दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 तक जम्मू–कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग में सामान्य रूप से निवासी रहे लोगों को संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रासंगिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 5 वर्ष की छूट देय होगी।

4. आवेदन प्रक्रियाः

क) उम्मीदवारों को सीएसआईआर–आईएचबीटी की वेबसाइट www.ihbt.res.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा।

ख) उपर्युक्त पदों के लिए निर्धारित प्रपत्र को आवेदक, प्रशासन अधिकारी, सीएसआईआर–आईएचबीटी., पालमपुर 176061 हिमाचल प्रदेश के कार्यालय से भी अपना पते लिखे 10 रुपये के टिकटयुक्त लिफाफे (27cmsx10cms) को भेजकर **दिनांक** 25.05.2017 तक प्राप्त किया जा सकता है।

ग) आवेदन शुल्क के रूप में **निदेशक, सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर (हि.प्र.)** के पक्ष में तथा भारतीय स्टेट बैंक, शाखा संख्या 3632, पालमपुर (हि.प्र.) में देय **रू.100/– (रूपये सौ मात्र)** का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट जिसकी वैद्यता कम से कम तीन माह हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम **तिथि** 05.06..2017 है। दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी अंतिम तिथि उपर्युक्त ही है।

अभ्यर्थी द्वारा डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे निम्नलिखित सूचनाएँ अवश्य अंकित की जाएं:
1.उम्मीदवार का नाम, 2. उम्मीदवार की श्रेणी व 3. आवेदित पद का कोड

घ) अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग/महिला/सी.एस.आई.आर.. कर्मचारियों/विदेशों में रह रहे भारतीय अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क भुगतान से छूट है।

ड.) यदि विश्वविद्यालयों/संस्थानों ने सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए श्रेणी प्रदान की है तो उम्मीदवारों को स्वयं आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर श्रेणी को विश्वविद्यालय/संस्थान के सूत्र के अनुसार प्रतिशत में बदल कर अंकित करना होगा।

च) सभी प्रमाण–पत्रों, सभी सत्रों/वर्षों की अंकतालिकाओं या समेकित अंकतालिका, आयु, स्व–प्रमाणित शैक्षणिक अर्हताओं, अनुभव, जाति/समुदाय/ शारीरिक अक्षमता (पीडब्लूडी) संबंधी शंसापत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियां, हाल ही की पासपोर्ट आकार की स्व–हस्ताक्षरित फोटोग्राफ जो उचित स्थान पर लगाई गई हो डिमांड ड्राफ्ट (यदि लागू हो) सहित प्रत्येक दृष्टि से पूर्ण आवेदन पत्र डाक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर– हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर को आवेदन पत्र के लिफाफे पर ऊपर की ओर बड़े व स्पष्ट अक्षरों में.................पद (पद कोड........) हेतु आवेदन लिखा हुआ हो तथा वह अंतिम तिथि पर या उससे पूर्व संस्थान में प्राप्त हो जाए।

छ) डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि(दूर–दराज के क्षेत्रों सहित) 05.06.2017 **सायं 5.00 बजे तक है।** एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए कोड सं. तथा पृथक डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित पृथक आवेदन करना होगा।

ज) आवेदन करने के उपरान्त आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं होगी और भुगतान किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा और न ही किसी अन्य भर्ती और चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

झ) सरकारी कर्मचारियों के आवेदन तभी स्वीकार किए जाएंगे जब वे उचित माध्यम से नियोक्ता द्वारा इस आशय के प्रमाण–पत्र के साथ भेजे जाएं कि आवेदक का चयन होने की स्थिति में नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्ति के एक माह के भीतर उसे कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। सतर्कता सम्बन्धी प्रमाणपत्र का भी उल्लेख किया गया हो। यद्यपि आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि से पहले जमा करवाई जा सकती है। उचित माध्यम द्वारा किए गए आवेदन सीएसआईआर– हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में शीघ्रातिशीघ्र पहुँचने चाहिए। साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा।

ञ) उम्मीदवार विशेष रूप से ध्यान दें कि किसी भी कारण से (जैसे लिफाफे पर गलत पता लिखना, अन्यत्र वितरण, डाक में देरी, प्रमाण पत्रों की प्रतियाँ नहीं होने, आवेदन शुल्क के बिना आदि) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन को सीएसआईआर– हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ट) अपूर्ण आवेदनों (जैसे फोटोग्राफ, उपयुक्त विवरण, आवेदन शुल्क के बिना, अहस्ताक्षरित आदि) पर विचार नहीं किया जाएगा और वे तुरंत अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

**5. अभ्यर्थी को डाक से भेजे गए आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ आवश्यक रूप से संलग्न करने होंगे अन्यथा ऐसे आवेदन सीधे तौर पर अस्वीकृत कर दिए जाएगें:**

क) आवेदन शुल्क के रूप में ₹100/- का डिमांड ड्राफ्ट, जहां लागू हो।

ख) आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर पूर्ण हस्ताक्षरित नवीनतम रंगीन फोटोग्रॉफ।

ग) जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव और जाति/समुदाय/दिव्यांग, यदि कोई लागू हो, से संबन्धित प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियां। ऐसा न करने पर ऐसे आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा।

**नोटः इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण और इसके हिन्दी अनुवाद में विसंगतियों की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।**

**प्रशासनिक अधिकारी**